Bihar has only used 0.48% of these funds, while a few states have failed to utilise any of it. For instance, though West Bengal has been allocated Rs 2.94 crores, the state has not used any of this money and is yet to set up a single centre.

[41] Ministry of Women and Child Development, Utilisation of Nirbhaya Fund, Press Information Bureau, 22 July 2021, https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1737773.

[42] Press Information Bureau, Nirbhaya Scheme, 6 August 2021, https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1743231

DIFFICULTIES IN ACCESSING COMPENSATION







Victims-survivors of sexual violence or their families have the right to compensation, both for the offence of rape as well as for offences registered under the SC & ST (PoA) Act.[43] The SC & ST (PoA) Rules decree a minimum compensation of Rs 5,00,000 to victims-survivors of rape and Rs 8,25,000 to victims-survivors of gang rape, of which 50% is payable after medical examination and confirmatory medical report, 25% after filing of a charge sheet, and 25% upon conclusion of the trial by a lower court. [44]

A number of survivors and WHRDs have noted the importance of the interim compensation, since most of the money is often used to pay private lawyers to support the prosecution and to cover costs of travel for the victim or her family to attend court proceedings. In some instances, the money has been used to pay for the medical treatment of the survivor.

However, despite its importance and legal entitlement, compensation was not

[43]See National Legal Services Authority, Compensation Scheme for Women Victims/Survivors of Sexual Assault/ other Crimes - 2018, https://nalsa.gov.in/services/victim-compensation/nalsa-s-compensation-scheme-for-women-victims-survivors-of-sexual-assault-other-crimes---2018


[44]The Scheduled Caste and Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Rules 1995 (as amended in 2016), Annexure 1; http://ncsc.nic.in/files/PoA%20Amendment%20Rules,%202016.pdf

received in 31% of cases for which the information is available (14 out of 44). In a few others, compensation was not paid due to the lack of registration of an FIR, or only a part of it was received due to failure of the police to file a charge sheet.

Even in the cases where compensation was received, it required repeated follow-up with government authorities from Dalit WHRDs and CSOs supporting the survivor. Where there is no support from WHRDs, survivors are often unaware of the entitlement to compensation or relief and the steps to do so.


Further, despite the SC & ST (PoA) Rules mandating the provision of the relief amount within seven days[45] , the payment was delayed significantly in most cases. The period of delay ranged between two months and a year. Delays were more commonly reported in the payment of interim compensation (due after filing the charge sheet). In one case, it was received three years after the charge sheet was filed. These long delays in the provision of immediate and interim relief defeat their purpose, since these is meant to support essential needs of the survivor or her family after the rape.

COMPENSATION WAS NOT RECEIVED IN 31% OF CASES



[45]Rule 12(4), The Scheduled Caste and Scheduled Tribe (Prevention of Atrocities) Rules 1995 (as amended in 2016).

ACCESS TO PSYCHO-SOCIAL AND OTHER SUPPORT SERVICES



The lack of provision of psycho-social support services to survivors by government authorities is prevalent. Survivors are often not offered counselling, rehabilitation or any other support from healthcare providers, who are most concerned with the conduct of the forensic examination. Even where counselling services were available, counsellors were not adequately trained on how to deal with survivors of sexual violence and trauma-informed responses.

Survivors have also talked of difficulties in accessing police protection, even when threats or intimidation from the accused, his family or his community have been reported. In some cases, even when police protection is provided, survivors do not feel any safer than before: they feel they are being monitored by officers who discourage meetings with WHRDs and NGO workers looking to support the survivor.

ROLE OF DALIT WHRDS AND CSOS IN SUPPORTING SURVIVORS AND FAMILIES OF VICTIMS



In almost all 50 cases, some support services that the government failed to provide to victims-survivors were provided by Dalit WHRDs and CSOs. Dalit WHRDs have been unceasingly working to ensure justice for all the victims and survivors mentioned in this report – from counselling to legal support to aid in progress of the case. The role of grassroots Dalit WHRDs and CSOs support is therefore crucial in improving access to justice and ensuring that the mental, physical, emotional and legal needs of survivors and their families are met.

The support provided by Dalit WHRDs and CSOs to victims-survivors and their families take various forms, including:

- Paralegal support, such as getting an FIR registered or ensuring that it is amended to include accurate details and all applicable provisions, including under the SC & ST (PoA) Act; assistance in accessing compensation; assistance in applying for police protection
- Legal support during the trial process
- Psycho-social support and counselling services
- Support to pay medical expenses, and in ensuring access to quality medical

treatment and services as required

- Moral support and guidance, including explaining the criminal justice process to the victim-survivor or her family
- Rehabilitation for the survivor, including education support so that schooling is not stopped or significantly interrupted due to the rape; career counselling services to help the survivor find a job
- Advocacy support through interventions with government authorities, such as the police, ministries, or human rights commissions to ensure that the case is properly investigated and prosecuted and that the survivor receives legal entitlements
- Organising public campaigns, demonstrations and rallies to increase awareness and public pressure on authorities to take immediate and effective action

However, Dalit WHRDs face several challenges while working with victims-survivors. Some face opposition within their families, control over their mobility, lack of control and ownership of economic resources, like land and property, threats and intimidation by dominant-caste people, including threats of sexual violence and murder, and lack of support from other collectives and organisations working in the same sphere.

They also face retaliation and backlash (sometimes even in the form of false complaints or FIRs against them) and an acute lack of funding to carry out the critical work they are engaged in. The fact that the response to Dalit women's issues by other women's organisations is partial and often patronizing has also been highlighted by several Dalit WHRDs. Due to these constraints, they have been able to arrive at alternate strategies and carry out their work to enable the victims and their families to seek justice. They are determined to reach out and work with Dalit women in their areas, develop leadership skills and support the victims-survivors to access their rights and justice.

RECOMMENDATIONS

TO THE CENTRAL GOVERNMENT

General

- Recognise and support ongoing struggles of Dalit women to attain their rights and protect themselves against a culture of sexual violence.
- Recognise Dalit women as a distinct social group rather than subsuming them under the category of general women or Dalits, and accordingly develop and implement activities with a specific focus on Dalit women's rights within the broader framework of the national agenda for the empowerment of Dalit women and girls; mainstream an intersectional gender perspective in all government development policies and programmes.
- Commit to the abolition of caste-based discrimination and caste-based patriarchy as national goals, with the specificity of caste-, class-, and gender-based violence against Dalit women and girls being acknowledged, and that its abolition is incorporated into law and policy.

Undertake Necessary Policy Measures

- Adopt preventive and supportive measures to ensure Dalit women and girls their right to security of life, equal protection of and equal standing before the law; and develop and implement a comprehensive strategy to address impunity; ensure access to justice for Dalit women and girls, by identifying and eliminating the barriers they face in their struggle for justice
- Amend Section 375 of the Indian Penal Code to remove Exception 2, and criminalise marital rape in all circumstances
- Reconstitute all protection mechanisms and monitoring committees for Dalits, with mandatory representation of Dalit women from Dalit and women's movements, as well as non-governmental organisations working with Dalits; enable these committees to monitor the registration of cases of atrocities under the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, with 2015 amendments [SC & ST (PoA) Act] and the subsequent conduct of State and non-State actors vis-à-vis Dalit women victims-survivors, to prevent threats or pressure from perpetrators of violence and their communities on victims or survivors to withdraw or compromise police cases
- Address the violence not only as an issue of law and order, but also as a socio-

economic issue, in recognition of the fact that economic dependence and poverty is a significant reason behind Dalit women not filing police complaints against the violence they face from dominant castes; ensure interventions to address violence are holistic, including by preparing a national perspective plan with separate funding aimed at accelerating efforts to reduce the gap in poverty levels between Dalits and the general population, with time-bound targets, and explicit short- and long-term goals for the overall development of Dalit women as well as the eradication of violence against them

- Grant powers to relevant national human rights institutions to enable them to make legally-binding recommendations and establish an independent complaint and monitoring mechanism to redress discrimination and violence against Dalit women and girls

Implement Awareness-Raising and Education Programmes

- Develop and implement specialised programmes for awareness-raising and training at all levels of police officers, law students, judges and prosecutors, village council representatives and bureaucrats, with regard to the situation of Dalit women in general and violence against Dalit women in particular, as well as to eliminate casteist and sexist stereotypes; ensure the programmes focus on reasons for and purpose of enactment of special laws to protect Dalits, providing thorough knowledge of the SC & ST (PoA) Act (including the 2015 amendments), and the specific problems linked to the gender-specific nature of crimes these women face, as well as the caste-based nature of crimes

- Address attitudes and prejudices that promote discrimination based on caste, sex and gender that also lead to sexual violence and foster a culture of impunity, including through national-level public campaigns to promote equality and challenge caste-based discrimination and violence, such as through schools or the media; ensure engagement of non-Dalit communities and men during these campaigns

- Highlight the responsibility of the media in promoting non-stereotyped images of women and men, Dalit women and men in particular; encourage the media to actively include positive images of Dalit women

Improve Available Data and Research

- Correlate data on violence against women, violence against Dalits and violence against Dalit women and girls separately and map out violence-prone areas for Dalit women and girls to assist with the development of targeted interventions to address this systemic problem – including preventive action and assistance for victims-survivors; disaggregate all criminal, economic, social and political data on the grounds of gender, sex and caste and present a periodic white paper in Parliament on the realisation of the rights of Dalit women and girls, basis this data

TO STATE GOVERNMENTS

Protection of Dalit Women and Girls and Prevention of Sexual Violence

- Implement, support and fund programmes to educate Dalit women and girls about their legal rights, including information about the rights under the SC & ST (POA) Act; include community-based education, legal literacy campaigns and trainings aimed at increasing knowledge and understanding of the causes, consequences, and mechanisms of violence against women in general and Dalit women in particular

- Ensure Dalit women and girls who report violence are protected from retaliation by the accused and their supporters, and from the perpetration of renewed violence against them through social boycotts and imposition of restrictions, including through the effective implementation of Victim and Witness Protection schemes in accordance with the guidelines issued by the Supreme Court in Mahender Chawla & Ors v Union of India & Ors

- Ensure law enforcement agencies and other state mechanisms and agents, including bureaucrats, welfare departments, medical and paramedical agencies, and local bodies, are sensitised to effectively address grievances of Dalit women and girls

Effective Implementation of Existing Laws

- Bring the criminal justice system under effective monitoring on priority to ensure efficient delivery of justice for Dalit women and girls; ensure full and strict implementation of the SC & ST (PoA) Act and the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012, and timely investigation and disposal of cases of violence against Dalit women and girls

- Fast-track effective investigation and trial of all cases of sexual violence against Dalit women and girls, ensure judgments in these cases are pronounced within four months from the date of reporting the atrocities in accordance with applicable law

- Ensure Section 164 statements given to the Magistrate in sexual violence cases are taken in camera to protect confidentiality of the victim-survivor's identity

Improve Police Response and Accountability

- Ensure criminal cases are filed against officers who tamper with evidence (including through forcible cremation of victims without consent of the family), protect the accused from due and fair process of the law, or work to support criminals or persons accused of sexual violence

- Appoint appropriately-trained and gender- and caste-sensitised women police officers as Deputy Superintendents of Police in violence-prone districts so that they can efficiently handle cases of violence against Dalit women and girls

- Make provisions to sensitise all police officers on the SC & ST (PoA) Act and the specific barriers to accessing justice faced by Dalit women and girls due to intersectional forms of discrimination based on caste and sex in all aspects of police training imparted in the Police Academy

- Create a separate cell to be headed by Scheduled Caste and Scheduled Tribe officials for dealing with atrocity cases under the SC & ST (PoA) Act

- Establish Dalit women and child protection units with adequate representation of Dalit women, and in partnership with the police, ministries dealing with Scheduled Caste protection, development and social justice, and non-governmental organisations and movements

Provide Holistic Support to Victims-Survivors

- Adopt and implement the 2014 Guidelines for Medico-legal Care for Survivors and Victims of Sexual Violence, issued by the Ministry of Health and Family Welfare, Government of India; ensure healthcare providers (medical students, too) are trained in the guidelines as well as how to provide gender-sensitive support to survivors of caste-based sexual violence, including the importance of obtaining informed consent of survivors for the medical examination

- Issue state-level guidelines banning the use of the two-finger test in accordance with Supreme Court directives and take strict action against healthcare professionals who conduct the two-finger test, including through disciplinary action by the Indian Medical Association

- Provide immediate relief in conjunction with holistic and adequate rehabilitation to Dalit women victims-survivors and members of their family, including provision of counselling and psycho-social support services

- Establish special services for victims-survivors of sexual violence so that they can benefit from professional assistance of psychologists, doctors, lawyers,

marriage counsellors etc; as part of this, include special units or procedures in government hospitals and primary healthcare centres to help identify women victims-survivors of violence and provide them with counselling without discrimination

- Provide adequate support to minor Dalit girls who have survived sexual violence to ensure they continue schooling and live a dignified life
- Effectively implement existing provisions for providing suitably qualified lawyers to Dalit women and girls who are victims-survivors of sexual violence; ensure state-level authorities providing legal services offer these services to Dalit victim-survivors as required, and that the lawyer accompanies them from the very day the case is registered
- Support adult Dalit women who survive sexual violence to find secure, valued jobs and pensions as a rehabilitative measure

TO THE NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION, THE NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED CASTES, THE NATIONAL COMMISSION FOR WOMEN AND RESPECTIVE STATE COMMISSIONS

- In recognition of increasing attacks and violence that women human rights defenders (WHRDs) face for trying to protect the rights of Dalit women and girls, the National Human Rights Commission (NHRC) should take up all such issues suo moto, especially cases of victimisation of Dalit women and girls
- Work together to suggest concrete measures to curb the gruesome and unrelenting violence against Dalit women and girls, as the full protection and promotion of the human rights of Dalit women can only be addressed by promoting an understanding of the intersection of caste, gender and sex discrimination, and strictly recommend the filing of cases under the SC & ST (PoA) Act by ensuring the complete adherence of all the provisions and rules
- Work actively to prevent sexual violence against Dalit women and girls, including by actively raising awareness of the SC & ST (PoA) Act, associated legal rights and available remedies







About the **National Council of Women Leaders**:

The National Council of Women Leaders(NCWL) is a coalition of women leaders who belong to marginalised communities across India working at the grassroots to support and empower marginalised women and girls in their communities.

Facebook: NCWLIndia Twitter: @NCWLIndia

Instagram: @NCWLIndia Youtube: @NCWLIndia

www.ncwl.org.in


About the **Dalit Human Rights Defenders Network**

Dalit Human Rights Defenders Network (DHRDNet) is a coalition of over 1000 Dalit human rights defenders from across India. The main objective of DHRDNet is to create an efficient network of leading Dalit Human Rights Defenders to combat the rights abuses and to ensure that anti-discrimination mechanisms are properly and thoroughly implemented.

About **Tata Institute of Social Sciences**
An institution of excellence in higher education that continually responds to changing social realities through the development and application of knowledge, towards creating a people-centred, ecologically sustainable and just society that promotes and protects dignity, equality, social justice and human rights for all.

www.tiss.edu

March 2022




जाति आधारित – यौन हिंसा और राज्य से दण्ड मुक्ति















इनकारी बयान/डिस्क्लेमरः NCWL, TISS, DHRDNet ने सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। हालांकि, अगर कोई गलती पाई जाती है तो यह अनजाने में की गई है।

प्रकाशन : दलित मानवाधिकार रक्षक नेटवर्क (DHRDNet)

जाति आधारित –
यौन हिंसा और राज्य से
दण्ड मुक्ति

अनुक्रमणिका

कार्यकारी सारांश

दशकों से, भारत में दलित महिलाओं को सामाजिक समूहों में उनके स्थान के कारण कई रूपों में असंख्य तरह के अपमान और हिंसा का सामना करना पड़ा है। बीते कुछ वर्षों में, जाति–आधारित यौन हिंसा की रिपोर्टिंग में बढ़ोतरी हुई है, और ये देखा गया है की राज्य के कर्तव्य–धारकों, विशेष रूप से पुलिस और चिकित्सा कर्मियों द्वारा इन मामलों में अपराधियों को कई तरह की छूट मिलती है।

कुख्यात हाथरस मामले में, ऐसी चीजें उभर कर सामने आईं, जहां पीड़िता को समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित रखा गया था और उसकी मृत्यु के बाद, उसके शरीर को पुलिस ने बिना बताए या उसके परिवार को शामिल किए बिना जल्दबाजी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। इस तरह के कई अपंजीकृत मामले ज्यादातर खबरों से ग़ायब होते हैं, और पीड़िताओं को चिकित्सा सहायता, परामर्श, न्याय और निवारण तक पहुंचने के लिए काफ़ी संघर्ष करना पड़ता है।

यह रिपोर्ट 13 भारतीय राज्यों में दलित महिला कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए एक शोध का परिणाम है, जहां वे कई वर्षों से जाति आधारित यौन हिंसा के मामलों की जाँच कर रही हैं और उन पर कार्यवाही करवाने में अपना सहयोग दे रहीं हैं। यह रिपोर्ट इस समय विशेष रूप से ज़रूरी है, जब देश COVID–19 महामारी के बाद के झटकों और भारत सरकार द्वारा देश भर में लगाए गए जल्दबाजी में किए गए लॉकडाउन उपायों से प्रेरित आर्थिक नुकसान से जूझ रहा है

अब जब अन–लॉकडाउन के चरण शुरू हो रहे हैं, हम यह देख सकते हैं कि कैसे दलित महिलाओं के खिलाफ हिंसा की प्रकृति, पैटर्न और रूप लॉकडाउन उपायों के बावजूद बढ़े हैं। वास्तव में, महामारी ने, नौकरी छूटने और आय के नुकसान के चलते, दलित महिलाओं के जीवन के संकटो को और गहरा कर दिया है। गरीबी, भूमिहीनता और आर्थिक संपत्ति की कमी उनकी असुरक्षा को बढ़ा देती है। जैसे ही दलित परिवार बेहतर संसाधनों और सेवाओं तक पहुंचने, खुद को शिक्षित करने और गरीबी से बाहर निकलने का प्रयास करते हैं, प्रमुख जाति समूहों द्वारा उनके ख़िलाफ़ तुरंत प्रतिक्रिया होती है।

इस रिपोर्ट में बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को शामिल किया गया है। जांचे गए 50 मामले 2015 और 2021 के बीच सात वर्षों की अवधि में हुई यौन हिंसा की घटनायें हैं। इनमें से 32 पिछले तीन वर्षों के हैं – 2019 और 2021 के बीच। इन्हें इसलिए लिया गया है ताकि हाल के मामलों का ख़ास विश्लेषण किया गया है। और यह भी देख सके की यौन हिंसा से पीड़ित दलित महिलाओं की न्याय तक पहुंच पर महामारी का क्या प्रभाव रहा है। इन 13 राज्यों में कार्यरत दलित महिला मानवाधिकार रक्षकों ने इन सभी मामलों को खुद चुना था।

रिपोर्ट को विशिष्ट विषयों में व्यवस्थित किया गया है, यह विषय प्रमुख जाति समूहों के पुरुषों द्वारा की गई हिंसा के पैटर्न, न्याय प्रणाली में देरी और प्रणालीगत बाधाओं और पीड़ितों और उनके परिवारों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों, और समर्थन तक पहुंच, पीड़ितों के लिए सेवा केंद्र, राज्य सरकारों की न्याय प्रक्रिया में दलित महिला कार्यकर्ताओं के कुछ प्रमुख प्रयास, पर आधारित है।

यह रिपोर्ट दलित महिला मानवाधिकार रक्षक स्वर्गीय सिप्रा देवी को समर्पित है, जिन्होंने यौन हिंसा के पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

आभार

नेशनल काउंसिल ऑफ लीडर्स (NCWL) ने इक्वैलिटी नाउ, इक्वालिटी लैब्स और दलित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स नेटवर्क (DHRDNet) के सहयोग से "दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बंद करो" नामक ऑनलाइन सोशल मीडिया अभियान चलाया, जिसमें भारत के 15 राज्यों में गंभीर जाति आधारित यौन हिंसा पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह अभियान 19 जुलाई 2021 को शुरू किया गया और 31 अगस्त 2021 को समाप्त हुआ। इस अभियान के दौरान, हमने पंद्रह राज्यों के सत्तर मामलों का दस्तावेजीकरण किया, जिनमें से 13 राज्यों के पचास केस स्टडी को चुना गया ।

इस रिपोर्ट के प्रयोजन में मुख्य रूप से जमीनी स्तर पर महिला और पुरुष मानवाधिकार रक्षकों में से अधिकांश एनसीडब्ल्यूएल और डीएचआरडीनेट के सक्रिय सदस्य हैं जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रहे हैं कि जाति आधारित यौन हिंसा के पीड़ितों को कानूनी सहायता, मुआवजा, पुलिस सुरक्षा, आघात परामर्श, नैतिक समर्थन आदि प्राप्त हो। इस रिपोर्ट को लिखने में उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता को हम सम्मान सहित आभार व्यक्त करते हैं।

इन साथियों के नाम हैं—

1. एडवोकेट सविता अली – बिहार
2. स्वर्गीय शिप्रा देवी – छत्तीसगढ़
3. भावना नारकर – गुजरात
4. नीरू चौरसिया – गुजरात
5. अरविंद मकवाना – गुजरात
6. प्रीति वाघेला – गुजरात
7. वासुदेव चारुपा – गुजरात
8. एडवोकेट मनीषा मशाल – हरियाणा
9. एडवोकेट रजनी मिशाल – हरियाणा
9. मृदुला देवी – केरल
10. प्राची साल्वे – महाराष्ट्र
11. स्वाति बौध – उड़ीसा
12. संध्या देवी – उड़ीसा
13. सरिता वर्मा – राजस्थान
14. डॉ सुजाता सुरेपल्ली – तेलंगाना
15. अंडाल गोपालकृष्णन – तमिलनाडु
16. विन्सेंट राज – तमिलनाडु
17. जबर सिंह – उत्तराखंड
18. रानी सलमानी (अस्तित्व) – उत्तर प्रदेश
19. मीना राव (एनसीडब्ल्यूएल) – उत्तर प्रदेश
20. सीमा (एनसीडब्ल्यूएल) – उत्तर प्रदेश

हम इक्वालिटी नाउ से दिव्या श्रीनिवासन द्वारा किए गए दस्तावेजीकरण और उनके विश्लेषण व WAYVE फाउंडेशन की दिव्यांगी भार्गव के समर्थन के आभारी हैं। हम इस शोध रिपोर्ट को तैयार करने में सक्रिय योगदान देने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट फॉर सोशल साइंसेज, मुंबई में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शिउली कुमार के प्रति भी आभारी हैं।

हम, हिन्दी अनुवाद के लिए पंखुड़ी ज़हीर दासगुप्ता, प्रूफरीडिंग के लिए अंजू दास, सामने और पीछे के कवर पर पेंटिंग के लिए रोली मुखर्जी, रेखांकन और रिपोर्ट के डिजाइन के लिए जय सागठिया और जिगर सागठिया के आभारी हैं।

एकजुटता में
मंजुला प्रदीप
राष्ट्रीय संयोजक / अभियान निदेशक
एनसीडब्ल्यूएल / डीएचआरडीनेट

परिचय

हमारी लड़ाई के खिलाफ है ।

जातिगत लैंगिक हिंसा

हमारे

हक और आत्म सम्मान की लड़ाई है

और इस लड़ाई को हम तब तक लड़ेंगे
जब तक की हमारी औरतो और लड़कियों
को उनका सम्मान तथा हक नहीं मिल
जाता ।

हमारी लड़ाई न्याय के लिए हे ।

यह रिपोर्ट 13 राज्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय महिला नेता परिषद (एनसीडब्ल्यूएल) की दलित महिला नेताओं द्वारा पूरे भारत में होने वाले जाति आधारित यौन हिंसा के मामलों का विश्लेषण सामने लाने का प्रयास है। इस रिपोर्ट से यह झलकता है कि कैसे जाति आधारित यौन हिंसा का उपयोग दलित महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षित आजीविका, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य तक पहुंच, भोजन, पानी और आश्रय जैसी बुनियादी सेवाओं– और सबसे ज़रूरी गरिमा और स्वाभिमान से वंचित रखने के लिए किया जाता है। दलित महिला मानवाधिकार रक्षको की जानकारी को इकट्ठा करने में सक्रिय भागीदारी हैं। वे इस रिपोर्ट के द्वारा पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के साथ–साथ, उनके द्वारा झेले गए भेदभाव और अभाव का गहरा विश्लेषण भी करते हैं।

रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण समय में आई है। महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि अभी देश COVID-19 महामारी के झटकों और देश भर में भारत सरकार द्वारा लगाए गए जल्दबाजी में किए गए लॉकडाउन उपायों से हुए आर्थिक नुकसान से जूझ रहा है। जैसे–जैसे हम अन–लॉकडाउन की ओर बढ़ते हैं, हम पीछे मुड़कर देखते हैं कि लॉकडाउन के तमाम उपायों के बावजूद, दलित महिलाओं के खिलाफ हिंसा की प्रकृति, ढाँचे और रूप में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है।[1]

लगभग 16% अनुसूचित जातियां (जिन्हें 'दलित' के रूप में जाना जाता है) दैनिक वेतन कार्यों में हैं, जो अनिश्चित और असुरक्षित हैं। इनमें से कई दलित महिलाएं हैं।[2] COVID महामारी ने दलित महिलाओं के जीवन में नौकरी छूटने और आय न मिलने के संकट को और गहरा कर दिया है। गरीबी, भूमिहीनता और आर्थिक संपत्ति की कमी का संदर्भ दलित महिलाओं की असुरक्षा को बढ़ा देता है, हालांकि इस तथ्य

---

[1] DHRDnet (2020). No Lockdown on Caste Atrocities, Stories of Caste Atrocities during COVID-19 Pandemic. DHRDnet Publications
[2] Deshpande A & Ramachandran R. (2020). Is Covid-19 "The Great Leveler"? The Critical Role of Social Identity in Lockdown-induced Job Losses. Discussion Paper DP. No. 4. Ashoka University

को आमतौर पर राज्य या मीडिया द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। लगातार अवलोकन दर्शाते हैं कि जब–जब दलित परिवार बेहतर संसाधनों और सेवाओं तक पहुंचने का प्रयास करते हैं, खुद को शिक्षित करते हैं और गरीबी से बाहर निकलने की कोशिश करते हैं, प्रमुख जाति समूहों से पलटवार शुरू हो जाते हैं।

इन मुद्दों में प्रमुखता से ऐसे मामले आते हैं जो बहुत महत्वपूर्ण यौन हिंसा की स्थानीय प्रकृति है तथा जिसमें पीड़ित और अपराधी एक दूसरे के करीब रहते हैं। लगभग सभी मामलों में दलित महिलाओं, लड़कियों और उनके परिवारों को दबंग जाति के पुरुषों द्वारा धमकाए जाने का का निरंतर इतिहास रहा है। इस तरह के प्रतिरोध के अंतिम जवाब में दलित परिवारों की महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ प्रमुख जाति के पुरुषों द्वारा यौन हिंसा होती हैं। इस रिपोर्ट में ऐसे सारे अवलोकन और विभिन्न संदर्भों को शामिल किया गया है जो जातिगत यौन हिंसा का साक्ष्य है।

2020 के उत्तर प्रदेश का हाथरस मामला[3] और 2021 के 9 साल की दलित लड़की के दिल्ली छावनी में बलात्कार का मामला, [4] शोषण और यौन हिंसा के इन क्षेत्रों की ओर इशारा करता है। यौन हिंसा का इस्तेमाल प्रमुख पदों पर बैठे लोगों द्वारा सत्ता का दावा करने और शोषक सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक हथियार के रूप में किया जा रहा है। दलित महिलाओं और लड़कियों को अक्सर यौन हिंसा के अधिक गंभीर रूपों का सामना करना पड़ता है, जैसे सामूहिक बलात्कार या बलात्कार के बाद हत्या। आमतौर पर इन अपराधों की प्रकृति सामूहिक होती है, जिसमें प्रमुख जातियों के अपराधी; समूहों में ये अपराध करते है। दलित महिलाओं और लड़कियों की क्रूर हत्याओं के साथ अक्सर हिंसा के चरम रूप, विशेष रूप से यौन हमले, दशकों से रिपोर्ट किए गए हैं। दलित महिलाओं के शरीर को उनकी दलित पहचान के चिन्ह के रूप में देखा जाता है और यौन हिंसा दलित महिलाओं को अधीन रखने का एक उपकरण है। शक्ति और प्रभुत्व का यह इस्तेमाल आपराधिक न्याय प्रणाली में भी दिखता है जहां न्याय प्रदान करने बाध्य अफ़सर जैसे पुलिस, न्यायपालिका, चिकित्सा अधिकारी और ऐसे अन्य अपराधियों को दण्ड मुक्त छूट देते हैं। यह हाथरस मामले में साफ दिखाई दिया था।

जाति आधारित यौन हिंसा के पीड़ित भारत की कानूनी व्यवस्था के भीतर न्याय पाने के लिए संघर्ष करते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2020 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर दिन लगभग दस दलित महिलाओं और लड़कियों के साथ बलात्कार होता है। लेकिन यह सिर्फ मुट्ठी भर मामले हैं, जो अपने आपमें बहुत ज्यादा, क्रूर और दर्दनाक है, जिनकी रिपोर्ट की गयी है। कई मामलों की रिपोर्ट नहीं की जाती है या कम रिपोर्ट की जाती है जिसके परिणामस्वरूप वे आपराधिक न्याय प्रणाली तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। जो मामले किसी तरह जटिल और दलित विरोधी पुलिस और न्यायिक व्यवस्था से गुजर पाते हैं, उनमें अपराध सिद्ध होने की सम्भावना कम होती है। जैसे ही कोई मामला दर्ज किया जाता है, अपराधी और अन्य प्रभावशाली समूह सिस्टम में अपने प्रभाव के चैनलों को सक्रिय कर देते हैं और पीड़ितों और उनके परिवारों को चुप कराने के लिए पर्याप्त सबूत न इकट्ठा करने या डराने–धमकाने की रणनीति शुरू कर देते हैं, जिस वजह से बलात्कार के मामलों में सजा कम होती है।

भारत का संविधान समानता और कानूनी रक्षा की गारंटी देता है और लिंग और जाति के आधार पर भेदभाव को रोकता है। अनुसूचित जातियों के खिलाफ भेदभाव को स्वीकार करते हुए, यह विशेष रूप से अनुच्छेद 17 में छुआछूत की प्रथा का अंत करता है। 2013 की जस्टिस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट ने सभी महिलाओं की शारीरिक अखंडता को स्पष्ट रूप से पहचाना और यह उल्लेख किया है कि सभी प्रकार के

---

[3] Rege S & Deosthali P (2020). Hathras Rape Case: Right to Medico-Legal Care for Survivors a Long Way to Go. https://www.theleaflet.in/hathras-rape-case-right-to-medico-legal-care-for-survivors-has-a-long-way-to-go/# accessed 12/10/20
[4] Geetha V (2021). Sexual Violence against Dalits the current Conjuncture www.TheIndiaForum.in. accessed 1/10/21

यौन उत्पीड़न और हिंसा को महिला के समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा, जैसा कि अनुच्छेद 14 और 15 के तहत, व उसके जीवन के अधिकार (सम्मान के साथ जीने के अधिकार सहित) संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार गारंटी है।[5] समिति ने आगे कहा कि यौन उत्पीड़न को संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (जी) के तहत किसी व्यापार या व्यवसाय करने के अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा जिसमें महिलाओं को उत्पीड़न से मुक्त माहौल में सुरक्षित रहने का अधिकार शामिल है।

इसके अलावा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम (एससी और एसटी (पीओए) अधिनियम) 1989 में जाति आधारित अत्याचारों को रोकने और प्रभावी ढंग से संबोधित करने के उद्देश्य से पारित किया गया था। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (पीओए) अधिनियम निषिद्ध अत्याचारों की एक सूची भी देता है। इसके अलावा, भारतीय दंड संहिता के तहत गंभीर अपराध करने वालों को, जिसमें बलात्कार भी शामिल है, जो एक व्यक्ति के खिलाफ किया जाता है क्योंकि वे अनुसूचित जाति से संबंधित हैं, बढ़ी हुई सजा मिलती है। एससी और एसटी (पीओए) अधिनियम के तहत सभी मामलों की जांच पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) या उसके ऊपर के रैंक के पुलिस अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। इस कानून में पीड़ितों के संरक्षण और पुनर्वास के प्रावधान भी शामिल हैं।

लेकिन इन कड़े कानूनी उपायों में से कोई भी कानून प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है क्योंकि न्याय करने वाले अधिकारियों को या तो बहुत कम जानकारी है, या वे अपराधियों को आसानी से दंडमुक्त छोड़ देना चाहते हैं। इसके अलावा, यौन हिंसा के नए पैटर्न हैं जो समकालीन समय में उभर रहे हैं। प्रभुत्वशाली जातियों के पुरुष और लड़के युवा दलित लड़कियों को फंसाने के लिए रोमांटिक रिश्तों के लालच का इस्तेमाल कर रहे हैं और फिर एक समूह में उनका अक्सर बलात्कार कर रहे हैं, बलात्कार के वीडियो बना रहे हैं और लंबे समय तक यौन हिंसा को जारी रखने के लिए उन्हें धमकी के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ जाति आधारित यौन हिंसा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्रमुख जाति के पुरुषों और लड़कों के लिए एक आसान हथकंडा बन गया है।

यह रिपोर्ट बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित भारत के 13 राज्यों में जाति आधारित यौन हिंसा की प्रकृति और रूपों के आधार पर जाति आधारित यौन हिंसा के कई मामलों को स्पष्ट करती है। इसमें न्याय तक पहुँचने के लिए प्रणालीगत बाधाओं का विश्लेषण और इन राज्यों में दलित महिला मानवाधिकार रक्षकों के दृढ़ और लगातार प्रयास और सफलता की कहानियाँ शामिल हैं जो यौन हिंसा की पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही हैं।

[5]Report of the Justice J.S. Verma Committee on Amendments to Criminal Law (2013), p. 117, https://www.thehindu.com/multimedia/archive/01340/Justice_Verma_Comm_1340438a.pdf


कार्यप्रणाली और पृष्ठभूमि

कार्यप्रणाली

राष्ट्रीय महिला नेताओं की परिषद दलित, बहुजन महिला मानवाधिकार रक्षकों का एक समूह है जो इन सभी 13 राज्यों में कई वर्षों से काम कर रहा है। जमीनी स्तर पर उनकी उपस्थिति, सक्रिय हस्तक्षेप और जाति आधारित यौन हिंसा के पीड़ितों और पीड़ितों की जरूरतों पर तत्काल प्रतिक्रिया ने इस अध्ययन को संचालित करने के लिए एक बहुमूल्य आधार प्रदान किया। चूंकि उनके पास पहले से ही कई मामलों का विवरण था जिन्हें वे कानूनी और परामर्श सहायता के माध्यम से संभाल रहे हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि ऐसे मामलों के सटीक विश्लेषण और पैटर्न समझने के लिए इस अध्ययन में पिछले और नए दोनों मामलों को शामिल किया जाएगा।

इस रिपोर्ट के लिए चुने गए मामले यौन हिंसा की उन घटनाओं पर आधारित हैं, जो 2015 – 2021 के बीच 7 साल की अवधि में हुई थी। 50 में से 32 मामले ऐसे है जो पिछले तीन वर्षों में, यानी 2019 – 2021 के बीच में हुए है। इन्हें इसलिए रखा गया है ताकि हम इन मामलों का विश्लेषण कर सकें और यह भी देख सके की यौन हिंसा से पीड़ित दलित महिलाओं की न्याय तक पहुंच पर COVID–19 महामारी का क्या प्रभाव रहा।(नीचे ग्राफ 1 देखें)। 13 राज्यों में दलित महिला मानवाधिकार रक्षकों द्वारा इन मामलों को जानबूझकर चुना गया था। इसलिए, यह अध्ययन इन राज्यों में मौजूद जाति आधारित यौन हिंसा के पूरे पैटर्न और संख्या का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

चित्र:1 इस रिपोर्ट के लिए अध्ययन किए गए 2015 – 20 से जाति आधारित हिंसा की घटनाओं की संख्या




COVID – 19 महामारी ने जानकारी एकत्र करने और पीड़ितों का समर्थन करने के लिए एक अलग तरह की चुनौतीपूर्ण परिस्थिति भी पैदा की। विभिन्न राज्यों में घोषित लॉकडाउन के कारण दलित महिला कार्यकर्ताओं का अधिकांश काम बाधित था। इसके अलावा वे पीड़ितों को प्रतिक्रियात्मक और शीघ्र सहायता प्रदान नहीं कर पाई, जिससे पीड़ितों और उनके परिवारों की विपत्ति ग्रस्त स्थिति और बढ़ गई।

इस रिपोर्ट को तैयार करने में डेटा संग्रहण को टेलीफ़ोनिक इंटर्व्यू और व्हाट्सएप जैसे अन्य माध्यमों तक सीमित रखा गया था।

इस परिदृश्य को एक संदर्भ के रूप में रखते हुए डेटा को विषयगत रूप से व्यवस्थित किया गया है– जिसमें कानूनी ढांचे और उनके उल्लंघन, जाति आधारित यौन हिंसा के विभिन्न रूप, दलित महिला मानवाधिकार रक्षकों द्वारा किए गए कार्यों के कुछ प्रगतिशील उदाहरण और पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए सिफारिशें – इन सभी को दर्शाया गया है। नाम उजागर न हो; इसलिए केस स्टडी में सभी पीड़ितों के नाम बदल दिए गए हैं।

आधिकारिक एनसीआरबी डेटा के आधार पर जाति–आधारित यौन हिंसा पर पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2020 में दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ बलात्कार के 3486 मामले दर्ज किए गए, जिसका मतलब है कि देश में हर दिन लगभग दस दलित महिलाओं और लड़कियों के साथ बलात्कार होता है। एनसीआरबी की तारीख से पता चलता है कि 2015 और 2020 के बीच दर्ज दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ बलात्कार के मामलों की संख्या में 45% की वृद्धि हुई है।[6]



इस वृद्धि में से कुछ हिस्सा दलित महिलाओं और लड़कियों द्वारा यौन हिंसा के मामलों की बढ़ती रिपोर्टिंग की वजह से हो सकता है। हालांकि, यौन हिंसा के पीड़ित दलितों द्वारा मामलों की रिपोर्टिंग की दर अभी भी बेहद कम है।


यह उल्लेख करना भी ज़रूरी है कि आधिकारिक डेटा केवल उन मामलों को दिखाता है जहां पीड़ित पुलिस स्टेशनों में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) सफलतापूर्वक दर्ज करने में सक्षम थे। अन्य अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जाति आधारित यौन हिंसा के अधिकांश पीड़ित पुलिस की ज़िद और अनिच्छा के कारण और प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की अनुपलब्धता के कारण , जो अनुसूचित जाति और

[6]National Crime Records Bureau, Crime in India, 2015-2020, available at https://ncrb.gov.in/en/crime-in-india

अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (एससी और एसटी (पीओए) अधिनियम) की अच्छी समझ रखते हैं, एफआईआर दर्ज करने में असमर्थ हैं।[7]

पुलिस को बलात्कार के मामलों की रिपोर्ट करने की कम दर का मतलब यह कदापि नहीं है कि जाति आधारित यौन हिंसा की दर भी कम है। वास्तव में, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण– 4 के आंकड़ों से पता चलता है कि यौन हिंसा की दर अनुसूचित जनजाति (7.8%) और अनुसूचित जाति (7.3%) की महिलाओं में सबसे अधिक है, इसके बाद अन्य पिछड़ी जातियों (5.7%) और अन्य, यानी वह समूह जो जाति/जनजाति के आधार पर हाशिए पर (4.5%) आता है।[8]

जिन राज्यों में 2020 में दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ सबसे अधिक बलात्कार के मामले दर्ज किए गए, वे इस प्रकार हैं:



COVID-19 लॉकडाउन के कारण लोगों के इधर उधर जाने में कमी से 2020 और 2021 में दलित लड़कियों और महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में कमी आनी चाहिए थी। लेकिन लॉकडाउन ने वास्तव में प्रमुख जाति के पुरुषों को ज्यादा यौन हिंसा करने का अवसर प्रदान किया है। DHRDNet (2020) की रिपोट[9] में देश के 7 राज्यों में यौन हिंसा सहित जाति आधारित अत्याचारों की कई कहानियों का दस्तावेजीकरण किया गया है। लॉकडाउन लागू होने के साथ, पुलिस बल को लॉकडाउन मानदंडों को लागू करने की एकमात्र जिम्मेदारी दी गयी। पहले से ही कम स्टाफ वाले पुलिस – बल ने अब पीड़ितों और उनके परिवारों की अपराधियों के खिलाफ प्रारंभिक शिकायतों की पूरी तरह अनदेखा करना शुरू कर दिया। इस स्थिति ने इन अपराधियों को यौन हिंसा के और भी बर्बर रूपों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवधि के दौरान जो सबसे चिंताजनक पहलू सामने आया है, वह है बड़ी संख्या में जाति आधारित यौन हिंसा तथा छोटे शिशुओं और छोटी लड़कियों के साथ की गयी यौन हिंसा।

---

[7]All India Dalit Mahila Adhikar Manch (AIDMAM)-NCDHR, Dalit Women Rise for Justice, March 2021, http://www.ncdhr.org.in/wp-content/uploads/2021/04/Dalit-Women-Rise-For-Justice-Status-Report-2021.pdf; Equality Now & Swabhiman Society, Justice Denied: Sexual Violence and Intersectional Discrimination - Barriers to Accessing Justice for Dalit women and girls in Haryana, India, November 2020, https://www.equalitynow.org/justicedenied; Venugopal A &J Parvathy, 2021, Recourse for Sexual Violence Survivors in Times of Crisis. Jan Sahas Publication.
[8]National Family Health Survey - 4, 2015-16, http://rchiips.org/nfhs/NFHS-4Reports/India.pdf.
[9]DHRDNet (2020). No Lockdown on Caste Atrocities: Stories of Caste Crimes during the COVID 19 Pandemic. DHRDNet Publications

जाति आधारित यौन हिंसा के मामलों का विषयगत विश्लेषण

जाति आधारित यौन हिंसा दलित महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ प्रमुख समूहों के पुरुषों द्वारा दलित महिलाओं के शरीर पर अपनी शक्ति का दावा करने के लिए किया जाता है। प्रमुख जाति समूह रिश्तेदारी और प्रभाव के नेटवर्क के माध्यम से राजनीतिक, कानूनी और प्रशासनिक शक्ति से जुड़ी होती है। यह जाति व्यवस्था को किसी भी बदलाव के विरुद्ध बनाता है। जाति आधारित यौन हिंसा का इस्तेमाल प्रमुख जाति के पुरुषों द्वारा दलितों को उनके पास मौजूद सामाजिक–राजनीतिक शक्ति को बनाए रखने के लिए किया जाता है।

इस अध्ययन में ऐसी हिंसा के कुछ बेहद चिंताजनक पैटर्न सामने आए हैं जहां इन समुदायों के पुरुषों द्वारा शिशुओं और बच्चियों को निशाना बनाया जा रहा है। इनमे से कुछ पुरुष मजबूत शिकारी पशु जैसे व्यवहार प्रदर्शित करते हैं जिसमें वे अपने पीड़ितों को समय के कुशल तरीके से ट्रैक करते हैं। जाति और लिंग के सामाजिक संबंधों का उपयोग यौन हिंसा के माध्यम से किया जाता है, जिसे प्रमुख जाति के पुरुष दलित लड़कियों और महिलाओं को अपने अधीन रखने के लिए करते हैं। दुर्व्यवहार, हिंसा, अपमान, और डराने–धमकाने और भय की रणनीति का उपयोग नियमित रूप से दलितों को शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से दूर रखने के लिए किया जाता है, जिससे उन्हें यौन दासता सहित घटिया और गंदा काम करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह अत्याचार उन मामलों में और भी बढ़ जाता है जहां पीड़ित और उसके परिवार ने शिकायत दर्ज करने का साहस किया हैं।

इस रिपोर्ट में, इन पुरुषों के व्यवहार को उजागर करने के लिए विषय तैयार किए गए हैं जो कि आपराधिकता और जहरीली जाति आधारित मर्दानगी का एक घटिया प्रदर्शन है। पुलिस व्यवस्था और न्यायपालिका की लापरवाही के कारण पीड़ितों की परेशानी और बढ़ गई है। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रतिक्रिया और निवारण में देरी, समर्थन और सक्षम वातावरण की कमी, सभी एक साथ मिलकर उन्हें समाज में निम्न दर्जे का होने का अहसास कराते हैं।

जाति आधारित विषाक्त मर्दानगी और यौन हिंसा के कई रंग

जाति आधारित यौन हिंसा के अधिकांश अपराधी प्रमुख जातियों से हैं। अध्ययन किए गए 50 मामलों में से 36 अपराधी ऐसे हैं जिनके लिए उनकी जाति का विवरण उपलब्ध है। इस अध्ययन में यादव और ओबीसी समुदायों के आठ–आठ अपराधी; राजपूत समुदाय से चार; और जाट और मुस्लिम समुदायों से तीन–तीन, सिख समुदाय के दो अपराधी और प्रजापति, मराठा, ब्राह्मण, वनिबा चेट्टियार, वन्नियार, गुप्ता, ठाकुर और गुर्जर जातियों के एक–एक अपराधी थे। अध्ययन से पता चलता है कि ये पुरुष दलित समुदायों की महिलाओं और लड़कियों की कामुकता को नियंत्रित करने के लिए बलात्कार को एक उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। अधिकांश रिपोर्ट किए गए मामलों में, सभी 13 राज्यों में, पाया जाने वाला सामान्य सूत्र यह है कि दलित परिवार और उनके सदस्य उन पुरुषों के खेतों में खेतिहर मजदूर के रूप में काम करते हैं जो प्रमुख जाति के परिवारों के अपराधी हैं।[10] अन्य दलित पुरुष स्व–नियोजित हैं और उनकी आय के बहुत कम स्रोत हैं, फिर भी वे अपने बच्चों को पढ़ने भेजने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं ताकि वे एक बेहतर जीवन जी सकें।

इस अध्ययन में एक चौंकाने वाली बात यह है कि प्रमुख जाति समूहों के पुरुष और युवा लड़के 18 साल से कम उम्र की दलित लड़कियों को निशाना बना रहे हैं (अध्ययन किए गए 62 फीसदी मामलों में)। हिंसा के पैटर्न उम्र, पीड़ितों के निवास स्थान, उनकी भेद्यता और उनके परिवारों के अपराधियों के परिवारों के साथ काम करने के संबंध के आधार पर अलग अलग होते हैं। ये मानदंड एक साथ मिलकर ऐसी स्थि. तियाँ पैदा करते हैं जहां दलित लड़कियों का इन यौन शिकारियों द्वारा नियमित रूप से 'शिकार' किया जाता है। जाति आधारित यौन हिंसा के कुछ प्रमुख रूपों पर निम्नलिखित अनुभाग में विस्तार से चर्चा की गई है।

[10]AIDMAM-NCDHR (2018). Voices Against Caste Impunity, Narratives of Dalit Women in India. AIDMAM-NCDHR Publications

पीछा करना और यौन हमला




• बजरंग यादव (प्रमुख जाति) ने छत्तीसगढ़ के एक गाँव की 15 वर्षीय स्कूल जाने वाली दलित लड़की राशि पर उस समय हमला किया, जब उसे शौच के लिए खेत में जाना पड़ता थी। मौका मिलने पर उसने कई बार उसके साथ बलात्कार किया और किसी को इस बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बजरंग को पता था कि वह यौन शोषण और हिंसा से बच सकता है क्योंकि उसके समुदाय के पास गाँव में शक्ति और अधिकार था। इसलिए राशी विरोध नहीं कर सकती और या बलात्कार के बारे में बात नहीं कर सकती थी क्योंकि कोई भी उस पर विश्वास नहीं करेगा। जब वह गर्भवती हुई तो उसे बजरंग को इसके बारे में बताना पड़ा और उसने उसे अपने चाचा की मदद से बच्चे का गर्भपात कराने के लिए राशी को मजबूर किया। तभी राशी ने हिम्मत जुटाई और अपने माता–पिता को बताया और उन्होंने स्थानीय पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज करने के लिए एक संगठन की मदद ली। बजरंग यादव के परिवार के सदस्य उसे शिकायत वापस लेने की धमकी देते रहते हैं, भले ही बजरंग सलाखों के पीछे है और जांच जारी है।बजरंग को मजबूत पारिवारिक और सामुदायिक समर्थन मिल रहा है और मामले को पलटने की कोशिश की जा रही है ताकि उसे अपराध से मुक्त किया जा सके। यह दलित लड़कियों पर इस तरह के जघन्य अपराधों के लिए मजबूत सामाजिक स्वीकृति और स्थानीय प्रशासन द्वारा अपराधियों की रक्षा करने में प्रणालीगत विफलताओं की ओर इशारा करता है। चिकित्सा सबूत एकत्र करने में पहले ही देरी हो चुकी है क्योंकि FIR बलात्कार और गर्भावस्था की समाप्ति के कई दिनों बाद दर्ज की गई थी, जिससे सजा की

संभावना प्रभावित हो सकती है।

• छत्तीसगढ़ के एक गाँव योगेश यादव ने 15 वर्षीय स्कूल जाने वाली दलित लड़की रिया का पीछा किया। वह रोज स्कूल जाते वक्त रिया का पीछा करता था। एक दिन उसने उसका अपहरण कर लिया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह उसे छत्तीसगढ़ से आगरा (उत्तर प्रदेश) ले गया, और अपने घर पर कई दिनों तक उसका शारीरिक और यौन शोषण किया। उसके माता–पिता ने रिया को जाति के आधार पर भी कई गालियाँ दी। जब वह अपने गांव वापस आई तो उसने और उसके माता–पिता ने एक एनजीओ की मदद से FIR दर्ज कराई। उसके गांव के लोगों ने पीड़िता के परिवार को समझौता करने के लिए मनाने की कोशिश की लेकिन पीड़िता ने समझौता नहीं किया। योगेश फिलहाल जेल में है और उसकी सुनवाई चल रही है।

